आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–16 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण को लेकर आज दोपहर बाद लोकसभा को संबोधित किया। उन्होंने महिला आरक्षण को राष्ट्र हित का निर्णय बताया और इसे लागू करवाने में सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की।

इतना बड़ा सामर्थ्य, उसको हम हिस्सेदारी से रोकने के लिए क्यों इतनी ताकत खपा रहे थे। उनके जुड़ने से सामर्थ्य बढ़ने वाला है। और मैं आज अपील करने आया हूं आपके पास, कि इसको राजनीति के तराजू से मत तोलिए। यह राष्ट्रहित का निर्णय है।

इससे पहले, महिला आरक्षण और परिसीमन पर केन्द्रित संसद के विस्तारित बजट अधिवेशन का तीन दिन का विशेष सत्र आज से शुरू हो गया। सत्र के दौरान केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आज लोकसभा में संविधान का एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक, 2026 और परिसीमन विधेयक, 2026 प्रस्तुत किया। श्री मेघवाल ने कहा कि संविधान का एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक, 2026 महिलाओं के लिए समानता सुनिश्चित करेगा।

विधि और न्याय मंत्री ने कहा कि देशभर में महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का एकसमान और कानूनी रूप से सुसंगत वितरण सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा में वर्तमान संख्या से पचास प्रतिशत सीटों की वृद्धि करना आवश्यक होगा।

ये अमृतकाल की बेला है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। 2047 में जो भारत की आजादी के सौ वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत का उत्सव मनाया जाएगा, तब उसमें महिलाओं की भूमिका अग्रणी रहने वाली है, इसलिए मैं आज इस सदन के समक्ष सभी माननीय सदस्यों से ये निवेदन करता हूं कि इस बिल को सर्वसम्मति से पास कर हमारी मातृ शक्ति को उनका अधिकार दिलाने के लिए अपना योगदान दें।

विधि और न्याय मंत्री श्री मेघवाल ने कहा कि महिला आरक्षण लागू होने के बाद लोकसभा में सदस्यों की संख्या आठ सौ पन्द्रह हो जाएगी। इनमें से दो सौ बहत्तर सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी, जो मौजूदा आवंटन के अतिरिक्त हैं।

****

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए देशभर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए हैं। एक रिपोर्ट–

यूजीसी ने कहा कि इन पहलों से लैंगिक समानता, संवैधानिक मूल्यों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं के समान प्रतिनिधित्व के महत्व पर सार्थक संवाद को बढ़ावा मिल रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश के कई विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में अधिनियम को लेकर जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। बलिया जिले में जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में आज पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी का अभिनंदन, सशक्त नारी और समृद्ध लोकतंत्र के नारे लगाए गए। जौनपुर के पूर्वांचल विश्वविद्यालय में भी आज एक विशाल पदयात्रा का आयोजन कर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। बलिया से विनय कुमार और जौनपुर से राहुल यादव की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा से जुड़े दो आधुनिक सुरक्षा भवनों के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा, सुशासन की पहली शर्त है। इसके लिए प्रदेश सरकार के स्तर पर निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

हम लोगों ने पिछले नौ वर्ष में दो लाख उन्नीस हजार से अधिक पुलिस विभाग में भर्ती की प्रक्रिया को पूरा किया है। वर्तमान में प्रदेश के अंदर जो अवस्थापना सुविधाओं का विकास हुआ है, उसका परिणाम है कि हम लोग साठ हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की एक साथ ट्रेनिंग करवा रहे हैं।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी जन समस्याओं के प्रभावी और समयबद्ध निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

****

लखनऊ के विकास नगर के सेक्टर बारह रिंग रोड पर सड़क किनारे स्थित बस्ती में कल शाम लगी भीषण आग पर काबू पाने के बाद चल रहे तलाश अभियान में आज दो बच्चों के शव मिले हैं। हमारे लखनऊ प्रतिनिधि ने बताया कि इस दुःखद घटना में करीब एक हजार से अधिक झोपड़ियां जल गयीं। आग से कई एलपीजी सिलेंडर और बाइक की टंकियां फटने के कारण बचाव कार्य में काफी कठिनाई आई, लेकिन आग पर काबू पा लिया गया।

****

मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में प्रदेश के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की क्रमिक बढ़ोत्तरी की संभावना जतायी है। विभाग के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

****